स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 28.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक महापौर कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में 5 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया जिसमें दिगम्बर जैन सभा भिलाई द्वारा नेहरु नगर पश्चिम में जोन कार्यालय के पास के चौक को स्वयं के व्यय पर अहिंसा चौक के रुप में विकसित करने आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के स्वर्ण दीक्षा वर्ष के अवसर पर चौराहे में कीर्ति स्तम्भ निर्माण के प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों ने चौक के रखरखाव एवं संधारण की जिम्मेदारी सहित 6 अन्य शर्तों के साथ निर्माण की अनुशंसा किया गया साथ ही राज्य परिवर्तित योजना अंतर्गत वार्ड 34 में हाट बाजार निर्माण कार्य, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजनान्तर्गत नये प्रकरणों की स्वीकृति (जोन 03), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजनान्तर्गत नये प्रकरणों की स्वीकृति (जोन 04), संजय नगर तालाब का सौन्दर्यीकरण बिन्दुओं पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति की अनुशंसा किया गया।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, दुर्गा प्रसाद साहू, डा. दीवाकर भारती, साकेत चन्द्राकर, केशव बंछोर, नरेश कोठारी, सुशीला देवांगन, सूर्यकान्त सिन्हा, सचिव जीवन वर्मा, आयुक्त के प्रतिनिधि आर0के0 साहू, राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, प्रशान्त शुक्ला, संजय बागड़े, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली उपस्थित थे।

जन सम्पर्क विभाग